सुधीर कुमार गुप्ता
Sudhir Kumar Gupta
महाप्रबंधक
General Manager

सत्यमेव जयते
भारत सरकार Govt. of India
रेल मंत्रालय Ministry of Railways

पश्चिम मध्य रेल
West Central Railway
जबलपुर - 482 001
Jabalpur - 482 001



संदेश

हिंदी दिवस - 14 सितंबर 2022

प्रिय साथियो,

हिंदी दिवस के पावन अवसर पर आप सभी को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।

प्रत्येक वर्ष 14 सितंबर का दिन हमें राजभाषा हिंदी के गौरवपूर्ण इतिहास एवं सुनहरे भविष्य की याद दिलाता है। इसी दिन सन् 1949 को संविधान सभा द्वारा सर्वसम्मति से देवनागरी लिपि में लिखी जाने वाली हिंदी को भारत संघ की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया गया। तब से इस ऐतिहासिक दिन की याद में हम प्रतिवर्ष 14 सिंतबर को हिंदी दिवस मनाते हैं।

आज हम हिंदी दिवस की 73 वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। इस अविराम यात्रा में हिंदी ने कई उतार-चढ़ाव देखे, लेकिन स्वाधीनता संग्राम से लेकर आज तक हिंदी अपनी सहज, सरल, सुबोध एवं सुग्राह्य स्वभाव के कारण न सिर्फ भारत में बल्कि पूरे विश्व में सर्वमान्य लोकप्रिय भाषा बन गई है। इसका प्रमाण यह है कि हिंदी विश्व में सबसे ज्यादा बोली एवं लिखी जाने वाली तीसरे स्थान की भाषा बन गई है। साथ ही, संयुक्त राष्ट्र सचिवालय की कामकाजी भाषाओं में अब हिंदी को भी शामिल कर लिया गया है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हिंदी को जो सम्मान प्राप्त हुआ है, वह हमारे लिए गर्व की बात है।

वर्तमान युग सूचना क्रांति एवं सोशल मीडिया का है। इस बदलते परिवेश में हिंदी एक भाषा के रूप में अपने को प्रासंगिक बनाए रखने के लिए नवीनतम परिवर्तनों को समाहित कर रही है और यही हिंदी की सफलता का मूल मंत्र भी है।

पश्चिम मध्य रेल ऐसे क्षेत्रों से होकर गुजरती है जहां लगभग सभी लोग हिंदी बोलते और समझते हैं। अत: बहुसंख्यक जनता की सेवा और ग्राहक संतुष्टि की दृष्टि से हिंदी का प्रयोग हमारे लिए आवश्यक है। मुझे खुशी है कि भारत सरकार की राजभाषा नीति के प्रति आप सभी की गहरी निष्ठा एवं समर्पण के फलस्वरूप पश्चिम मध्य रेल ने राजभाषा हिंदी के प्रयोग - प्रसार में अपना एक विशिष्ट स्थान बनाया है।

यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि इस वर्ष पश्चिम मध्य रेल को 'लाल बहादुर शास्त्री तकनीकी मौलिक लेखन पुरस्कार योजना' का प्रथम पुरस्कार, प्रेमचंद तथा मैथिलीशरण गुप्त दोनों पुरस्कार योजनाओं में द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुए हैं। इसके अलावा इस रेल के 02 अधिकारियों एवं 02 कर्मचारियों को रेलवे बोर्ड के राजभाषा व्यक्तिगत नकद पुरस्कार से भी पुरस्कृत किया गया।

इन उपलब्धियों के लिए मैं आप सभी को बधाई देता हूं। मुझे आशा ही नहीं अपितु पूरा विश्वास है कि आप सभी इसी उत्साह से राजभाषा प्रयोग- प्रसार में अपना योगदान देते रहेंगे।

आइए, हिंदी दिवस के इस शुभ अवसर पर हम यह संकल्प लें कि हम अपना अधिक से अधिक सरकारी कामकाज राजभाषा हिंदी में करें तथा गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने का हर संभव प्रयास करें।

जय हिंद !

जय हिंदी !

सुधीर कुमार गुप्ता
महाप्रबंधक